18-Ambikapur-bhoomi pg-1_Layout 1 3/18/2025 9:52 PM Page 1

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 19 मार्च 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 पेयजल समस्या का करें त्वरित समाधान




## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पंजीयन आज से

**अम्बिकापुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा जिला में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन, प्रस्ताव एवं स्वीकृति वर्ष 2024-25 हेतु निर्धारित तिथि में वृद्धि की गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन नवीन एवं नवीनीकरण 19 से 26 मार्च तक है। इसी तरह ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 19 से 28 मार्च तक, सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने हेतु 19 से 30 मार्च तक होगी। निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा।



**रमजान मुबारक**
**उन्नीसवां रोजा**
आज का इफ्तार - 6.12 बजे
कल की सेहरी - 4.37 बजे

### चौकीदार को बनाया बंधक, लूटा मोबाइल

# कट्टे और घातक हथियार के साथ व्यापारी के घर लूट का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

राईस मिलर और ईंट व्यवसायी के घर में नकाबपोश हथियारबंद लुटेरों ने लूट का प्रयास किया है। कट्टा और अन्य घटक हथियार लेकर घुसे चार अपराधियों ने व्यवसायी के सुरक्षाकर्मी को कट्टे की नोंक पर बंधक बनाकर मोबाइल फोन लूट लिया और घर का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन गनीमत रही की घर का मुख्य दरवाजा अन्दर से बंद था। इस दौरान सूचना मिलते ही जब व्यवसायी मौके पर पहुंचे तो अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस व साइबर सेल की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। लूट के प्रयास की घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। फिलहाल पुलिस को आरोपियों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

**खास बातें**
- अंदर से बंद था घर का दरवाजा, व्यवसायी के आते ही भाग निकले अपराधी
- क्षेत्र में दहशत का माहौल, जांच में जुटी पुलिस

बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम राधापुर में नेशनल हाईवे 43 से सटकर राईस मिलर और ईंट व्यवसायी राजेन्द्र अग्रवाल उर्फ नुनु का घर मौजूद है। सोमवार की रात लगभग 9.30 बजे चार नकाबपोश लुटेरे मुख्य गेट से होते हुए अंदर घुस आए। घर के मुख्य द्वार के बाहर ही व्यवसायी के घर का चौकीदार मौजूद था। अपराधियों ने कट्टे की नोक पर चौकीदार को बंधक बना लिया और उसका मोबाइल फोन लूट लिया। इसके बाद आरोपियों ने चौकीदार को धमकाते हुए घर का मुख्य दरवाजा खुलवाने को कहा लेकिन दरवाजा अन्दर से बंद था। इस दौरान अपराधियों ने दरवाजे को लात से मारकर भी खोलने का प्रयास किया। घरवालों को नकाबपोश हथियारबंद लुटेरों के चारदीवारी के अंदर आने की भनक लग गई थी। उन्हें सीसी टीवी कैमरा के माध्यम से लुटेरों के सभी गतिविधियों की जानकारी मिल रही थी। चारो लुटेरों के हाथ मे कट्टा एवं घातक हथियार देख पूरा परिवार दहशत में आ गया था। जिस दौरान नकाबपोश लुटेरे घर की चारदीवारी के अंदर दहशत मचा रहे थे। उस दौरान व्यवसायी काम के सिलसिले में सीतापुर आये हुए थे। घरवालों से जैसे ही इस घटना की जानकारी उन्हें मिली।व्यवसायी राजेन्द्र अग्रवाल सीतापुर से अपने घर के लिए रवाना हो गये। इस बीच व्यवसायी के घर पहुंचते ही चारदीवारी के अंदर मौजूद लुटेरे अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। घर पहुंचते ही व्यवसायी ने तत्काल पुलिस को इस घटना से अवगत कराया। मामले की गंभीरता देखते हुए थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल उच्चाधिकारियों को इस घटना से अवगत कराते हुए दलबल समेत मौके पर पहुंचे। कुछ घंटों के बाद एसपी सरगुजा एवं क्राइम ब्रांच समेत साइबर सेल की टीम भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद एसपी के दिशा निर्देश में रात को ही चारो तरफ घेराबंदी कर पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई थी। इस घटना के बाद व्यवसायी ने अपना एवं अपने परिवार की जानमाल को खतरा बताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस इस मामले में हथियार से लैस अज्ञात नकाबपोश लुटेरों के विरुद्ध धारा 309(4) के तहत मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश में जुट गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि अभी तक लुटेरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी हुई है। जल्द ही लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



सीसी टीवी फूटेज को खंगलाते पुलिस अधिकारी व प्रभावित परिवार के सदस्य, इनसेट में आरोपी।

### एक दिन पहले लुटेरों ने की थी घर की रेकी

व्यवसायी के घर लूट की नीयत से घुसे हथियारबंद लुटेरों ने एक दिन पहले पूरे घर की रेकी की थी। आधी रात को लगभग दो बजे के बीच चार नकाबपोशों ने घर के अंदर बाहर का मुआयना किया था। जो व्यवसायी के घर मे लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। जिसके बारे में व्यवसायी ने लिखित रूप से थाने को अवगत करा दिया है।

### पखवाड़े भर पूर्व हुए काण्ड का नहीं लगा सुराग

क्षेत्र में हथियार के दम पर लूट का यह कोई पहला मामला नहीं है। पखवाड़े भर पहले ग्राम नवापारा में सेवानिवृत्त वनकर्मी एवं व्यवसायी राधेश्याम गुप्ता के यहां हुई लूटकांड का पुलिस अभी तक कोई सुराग नही लगा पाई है। यहां भी हथियारबंद लुटेरों ने आधी रात को धावा बोला था और पूरे परिवार को बंधक बनाकर सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी समेत लगभग 15 लाख रुपए की लूट को अंजाम दिया था। इस लूटकांड में पुलिस समेत क्राइम ब्रांच एवं साइबर सेल ने काफी हाथ पैर मारा पर अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस घटना से क्षेत्र की जनता उबर भी नहीं पाई थी कि अब इस घटना ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। क्षेत्र में बढ़ते अपराध की घटना से लोगो को अपने जानमाल की चिंता सताने लगी है।

### चल रही है जांच

ग्राम राधापुर निवासी राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि 16 व 17 मार्च की रात चार नकाबपोश हथियारबंद व्यक्तियों ने रेकी की है। इसके साथ ही सोमवार की रात भी चार अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति भागते हुए नजर आए। नकाबपोश लोगों ने चौकीदार से मोबाइल फोन लूट लिया और भाग गये। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। इस मामले में जांच की जा रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा



# हाइवा की टक्कर से दो युवकों की मौत जा रहे थे जंगल की आग बुझाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

मंगलवार की दोपहर एनएच 130 पर तेज रफ्तार हाईवा के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। दोनों युवक कोटमी जंगल में लगी आग बुझाने जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। एक साथ दो युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है जबकि परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

- दावा ओवरब्रिज के पास हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

बता दें कि क्षेत्र के कोटमी जंगल में आग लगी हुई है और वन विभाग द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान वन विभाग द्वारा डांडगांव निवासी 24 वर्षीय सुनील आ. साल साय व 15 वर्षीय मुन्ना आ. कैलाश को भी आग बुझाने के लिए ब्लोअर दिया गया था। दोनों युवक वन विभाग की मदद करने और आग बुझाने बाइक से जंगल की ओर जा रहे थे इस दौरान दोपहर लगभग 12.30 बजे उदयपुर से तीन किमी दूर ग्राम दावा ओवरब्रिज पर अज्ञात हाईवा वाहन के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इधर टक्कर के बाद बाइक चालक सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में भेजने के साथ ही घायल को उपचार के लिए उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया लेकिन रास्ते में ही घायल मुन्ना की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक सुनील वन विभाग में फायर वाचर का काम करता था और जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए मुन्ना उसका सहयोगी बनकर जा रहा था। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे। युवकों की मौत से परिजन सदमें में है इसके साथ ही क्षेत्र में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पंचनामा व पीएम उपरान्त शवों को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।






## खबर संक्षेप

### गेहूं उपार्जन के लिए 6 उपार्जन केन्द्र

**अनूपपुर।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 15 मार्च से प्रारंभ कर दी गई है, जो 5 मई तक की जाएगी। गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता (एफ.ए.क्यू.) गेहूं कॉमन 2425 रूपए एवं बोनस 175 रूपए कुल 2600 रूपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उपार्जन के लिए जिले में 6 गेहूं उपार्जन केन्द्र स्वीकृत किए हैं।

### छात्रवृत्ति योजना : आवेदन की समय-सीमा तय

**मनेन्द्रगढ़।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला एमसीबी के आदेशानुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के वे विद्यार्थी जो छग राज्य से बाहर अध्ययनरत हैं, चाहे वे शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग कॉलेज या पॉलिटेक्निक में अध्ययन कर रहे हों, यदि उनका संस्थाओं में प्रवेश विलंब से हुआ है या उनके पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम विलंब से घोषित हुए हैं, तो ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनके लिए यह सूचना महत्वपूर्ण है। इन विद्यार्थियों की संस्थाओं के प्राचार्यो, संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई स्कालरशिप डॉट सीजी डॉट नाइस डॉट इन वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन (नवीन/नवीनीकरण) की अंतिम तिथि 19 से 26 मार्च तक रहेगी। वहीं ड्रॉफ्ट प्रोपोजल लॉक करने की अंतिम तिथि 19 मार्च से 28 मार्च 2025 तक एवं सेंशन आर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 19 से 30 मार्च तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2024-25 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

### गर्मियों में आयोजित हों खेल प्रशिक्षण शिविर

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षा विभाग से रिटायर हुए वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र सिंह का कहना है कि गर्मियों की छुट्टियां बच्चों के लिए न केवल आराम बल्कि उनके सर्वांगीण विकास का सुनहरा अवसर होती हैं। ऐसे में आवश्यक है कि इस अवकाश का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। बच्चों की रुचि और प्रतिभा को निखारने के लिए खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाने चाहिए, जिसमें विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षकों की व्यवस्था हो तथा आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए, इससे न केवल बच्चों का शारीरिक विकास होगा, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना भी विकसित होगी। हायर सेकेंडरी के छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित करना बेहद लाभकारी होगा। इन सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी, उनके लिए आवश्यक योग्यता, परीक्षा की तैयारी एवं व्यक्तित्व विकास पर मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए, इससे छात्र अपने भविष्य को लेकर सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। साथ ही साहित्यिक गतिविधियों और संगीत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी किया जाना चाहिए।

### वैश्य महासम्मेलन शोभायात्रा 22 को

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय में वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला इकाई अनूपपुर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता के दौरान बताया गया कि 22 एवं 23 मार्च को अनूपपुर जिला मुख्यालय में वैश्य महा-सम्मेलन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक एवं वैश्य समाज द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल एवं संरक्षक पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता का भी आगमन होगा।

टीएल मीटिंग में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# पेयजल समस्या का करें त्वरित समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों की लंबित योजनाओं और प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने आगामी गर्मी को देखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दूरस्थ स्वास्थ्य केन्द्रों, आश्रम-शालाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों में समुचित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।

बिगड़े हुए हैंडपंपों को तत्काल सुधारने और पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए गए। ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) को निर्देश दिया कि वे पिछले वर्ष की समस्याओं का आकलन करें और इस बार पहले से ही समाधान सुनिश्चित करें। खराब पंपों और स्टार्टर्स को समय पर ठीक करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड की सूची के आनुपातिक अध्ययन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं में राशन कार्ड की सूची पढ़वाई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन गांव में रहता है और कौन नहीं। इसके बाद फिजिकल वेरिफिकेशन कर आयुष्मान कार्ड की स्थिति को सुधारा जाए। अंत्यावसायी योजना के तहत दिए गए ऋण की वसूली पर जोर देते हुए कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देश दिया कि जो हितग्राही बकाया राशि जमा करने में टाल-मटोल कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पंचायत के माध्यम से लिए गए ऋण की समय पर वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। वन अधिकार पट्टा मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने वन विभाग को निर्देश दिया कि वे समुचित निरीक्षण कर पंजीयन करें और वन अधिकार पट्टा की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाएं। इसी प्रकार राजस्व न्यायालय में लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने और न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। जिला पंचायत को मनरेगा के तहत छाया और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। किसी भी आग लगने की घटना की सूचना तत्काल 07836-299112 पर देने की अपील की गई। इसके अलावा कलेक्टर ने आश्रम शालाओं, स्वास्थ्य केन्द्रों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पाए जाने पर तत्काल सुधार किया जाए। 18 मार्च को जनदर्शन में विभिन्न मांगों व समस्याओं को लेकर 23 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन दी। सभी आवेदनों को तत्काल संबंधित अधिकारियों परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के लिए प्रेषित किए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेती कलेक्टर।

### जनदर्शन में आए 12 आवेदन

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 18 मार्च को जनदर्शन में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए।

# 7 पार्षद विभिन्न विभागों के प्रभारी नियुक्त

## नगर पालिका अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ ने बनाया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ के संचालन को और सुदृढ़ बनाने के लिए नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 नियम 4 के तहत प्रेसीडेंट एन काउंसिल का गठन किया गया है। इस प्रेसीडेंट एन काउंसिल की स्थापना का उद्देश्य नगर पालिका के विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित करना और उनकी कार्यप्रणाली को बेहतर बनाना है। इस संदर्भ में नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने 7 पार्षदों को विभिन्न विभागों का प्रभारी नियुक्त किया है, ताकि प्रत्येक विभाग में जिम्मेदारी और पारदर्शिता बनी रहे।



श्रीमती प्रतिमा यादव

नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा जारी की गई सूची में 7 पार्षदों को उनके संबंधित विभागों का प्रभारी बनाया गया है। पार्षद श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा को आवास एवं पर्यावरण तथा लोक निर्माण विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस विभाग के तहत शहर के निर्माण कार्यों, सड़कों की मरम्मत, भवन निर्माण और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यों की जिम्मेदारी होगी। पार्षद दयाशंकर यादव को जलकार्य विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जलप्रदाय, जल संचयन और जल विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन की देखरेख दयाशंकर यादव करेंगे। इसके अलावा जल संकट की समस्या से निपटने के लिए कई पहल की जाएगी। पार्षद ओम प्रकाश जायसवाल को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस विभाग के तहत मनेन्द्रगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने और स्वच्छता अभियानों पर ध्यान दिया जाएगा। पार्षद श्रीमती सुशीला सिंह को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और पुनर्वास एवं नियोजन विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। खाद्य वितरण, राशन की दुकानों की निगरानी और नागरिक आपूर्ति योजनाओं के साथ-साथ पुनर्वास एवं नियोजन कार्यों की जिम्मेदारी श्रीमती सुशीला सिंह के कंधों पर होगी। पार्षद श्रीमती हसीना बेगम को विधि और सामान्य प्रशासन विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस विभाग के तहत नगर पालिका के प्रशासनिक कार्यों की निगरानी और विधिक समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पार्षद श्रीमती शांता जायसवाल को शिक्षा और महिला एवं बाल कल्याण विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार, महिला और बालकों के कल्याण के लिए योजनाओं का कार्यान्वयन इस विभाग की प्राथमिकता होगी। पार्षद सपन महतो को राजस्व और बाजार विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस विभाग के तहत नगर पालिका के राजस्व संग्रहण, बाजारों की निगरानी और दुकानदारों के लिए उचित व्यवस्था बनाई जाएगी। यह कदम नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने और कार्यों की गति बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सभी नवनियुक्त प्रभारी अपने-अपने विभागों में कार्यों की समीक्षा करेंगे और उन्हें बेहतर बनाने के लिए योजनाओं पर काम करेंगे। यह नगर पालिका की कार्यप्रणाली को पारदर्शी और नागरिकों के प्रति जिम्मेदार बनाने में मदद करेगा। इसके अलावा इन विभागों में सुधार के साथ-साथ शहर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाएगा, जिससे मनेन्द्रगढ़ नगर की सेवा और बुनियादी ढांचे को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

# कोयलांचल नगरी में होली मिलन समारोह की धूम



**बिजुरी।** क्षेत्रांतर्गत कोयलांचल नगरी में निवासरत प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल के गृहनिवास पर 15 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिलेभर के भिन्न-भिन्न स्थानों के राजनैतिक, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार बंधु सहित स्थानीय लोग एवं आम नागरिक उपस्थित हुए और मंत्री श्री जायसवाल होली खेले। प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा होली मिलन समारोह के अवसर पर अपने गृह निवास पर समुचित व्यवस्था कर लोगों के साथ ना केवल होली खेले, बल्कि सभी के साथ समय व्यतीत कर आपसी भाईचारा एवं सामाजिक बंधुत्व का संदेश भी दिया। मंत्री श्री जायसवाल के बाद नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष सहबिन पानिका द्वारा भी अपने घर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

# मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की होगी पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। पंचांग के अनुसार साल में कुल चार बार नवरात्रि होती है। इसमें दो गुप्त नवरात्रि होती है, जिसे तंत्र साधना के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। वहीं अन्य दो नवरात्रि को चैत्र और शारदीय नवरात्रि कहा जाता है।

- 6 अप्रैल को मनाई जाएगी श्री रामनवमी

ऐसे ही चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होने वाली नवरात्रि को चैत्र नवरात्रि कहा जाता है। नौ दिनों तक पड़ने वाली इस नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने का विधान है, साथ ही कलश स्थापना करने के साथ व्रत रखने का विधान है।

इस साल चैत्र नवरात्रि 9 नहीं बल्कि केवल 8 दिन की पड़ रही है, जिसकी शुरूआत 30 मार्च से हो रही है।इस संबंध में श्रीराम मंदिर के महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च की शाम 4 बजकर 27 मिनट से शुरू हो रहा है, जो 30 मार्च दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च से हो रहा है, जो 6 अप्रैल को समाप्त होगी। पहला मुहूर्त 30 मार्च को सुबह 6:13 मिनट से सुबह 10:22 मिनट तक है। वहीं दूसरा मुहूर्त घटस्थापना का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:01 मिनट से 12:50 मिनट तक है।



# पेंशनर्स महासंघ के प्रेमचंद बने जिलाध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छग प्रदेश की बैठक मंगलवार को रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक में कोरिया जिले की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें प्रेमचंद गुप्ता को जिला अध्यक्ष, घनश्याम जायसवाल को सचिव, केडी त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष और राजेन्द्र सिंह को जिला संयोजक बनाया गया।

- पेंशनर्स महासंघ कोरिया की नई

बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने की। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मध्यप्रदेश राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के नाम पर छग सरकार पेंशनरों के साथ अन्याय कर रही है। विधानसभा चुनाव में मोदी सरकार ने डीए-डीआर देने की गारंटी दी थी, लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया है। बैठक में पेंशनर्स महासंघ ने कई महत्वपूर्ण मांगे उठाईं। इनमें प्रमुख रूप से महंगाई राहत (डीए/डीआर) रोके जाने पर नाराजगी, पेंशनरों की संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन गणना में शामिल करने की मांग, 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन देने की मांग, रेल और बस यात्रा में छूट पुनः बहाल करने की अपील, कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू करने की मांग,आयकर से छूट देने की सिफारिश, पेंशनरों को मृत्यु पर एग्रेसिया राशि देने की मांग सहित अन्य मांगे शामिल हैं। बैठक में प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएस दसमेर, प्रदेश संगठन मंत्री टीपी सिंह, सेवानिवृत्त दैनिक वेतनभोगी प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल पाठक सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कोरिया जिले से डॉ. एएन सिंह, प्रभात सिन्हा, दीपक राजदान, उमेश्वर सिंह, शुभकरण द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता, शंकर सुमन मिश्रा, बीआर राजवाड़े, वीडी दुबे, आरके राजवाड़े, डीपी दुबे, आरपी साहू सहित अन्य पेंशनरों ने अपने विचार रखे। पेंशनर्स महासंघ ने सरकार से जल्द उनकी मांगों पर विचार कर समाधान निकालने की अपील की है।



गठित नई कार्यकारिणी।

# उत्कृष्ट संगीतज्ञ और कलाकार के रूप में उभर रहीं गुरशीत

**मनेन्द्रगढ़।** मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है,ये पंक्तियां गुरशीत कौर खनूजा जो छग के मनेद्रगढ़ की रहने वाली हैं, उन पर पूरी तरह खरी उतरती हैं। गुरशीत एक उत्कृष्ट संगीतज्ञ और कलाकार के रूप में उभर कर सामने आई हैं।

गुरशीत ने बचपन से ही संगीत में रुचि दिखाई और इसी कारण संगीत को अपने करियर का हिस्सा चुना। जिले एवं राज्य स्तर की कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उनके संगीत क्षेत्र में योगदान के कारण केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। गुरशीत ने अपनी संगीत शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से एमए की डिग्री प्राप्त की और फिर पीएचडी के लिए मुंबई का रुख किया। मुंबई में रहकर संगीत के क्षेत्र में और अधिक गहरी समझ विकसित की। वर्तमान में गुरशीत खनूजा दूरदर्शन के लोकप्रिय कार्यक्रम सिंफनी आफ इंडिया भारत की गूंज में अपनी प्रस्तुतियां दे रही हैं। इस कार्यक्रम में भारत के लोकगीतों और पारंपरिक गीतों को विशेष स्थान दिया गया है और यह कार्यक्रम हर दिन शाम 6 से 7 बजे प्रसारित होता है, जिसका पुनः प्रसारण रात्रि 11 से 12 बजे तक होता है। कार्यक्रम में नए और अनूठे गीतों को प्रस्तुत किया जा रहा है। गुरशीत खनूजा शानदार संगीत और प्रस्तुतियों के द्वारा अपने शहर का नाम रोशन कर रही हैं। यह सफलता उनके समर्पण और मेहनत का प्रतीक है और यह अन्य कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन सकती है।



# 23 मार्च को होगी एफएलएनएटी महापरीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा (एफएलएनएटी) का आयोजन 23 मार्च रविवार को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। इस महापरीक्षा में प्रदेशभर से 5 लाख से अधिक शिक्षार्थी शामिल होंगे, जबकि कोरिया जिले से 256 परीक्षा केन्द्रों में 8160 शिक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित की जा रही है और इसका संचालन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा किया जाएगा। सफल अभ्यर्थियों को एनआईओएस के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। एफएलएनएटी परीक्षा के लिए प्रदेश में 18,057 यूडीआईएसई पंजीकृत स्कूलों को परीक्षा केन्द्र के रूप में तैयार किया गया है। इस परीक्षा का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान का आकलन करना है, जिससे नवसाक्षर शिक्षार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, इसके तहत जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला परियोजना अधिकारियों और नोडल अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने और शिक्षा से वंचित लोगों को इस अभियान से जोड़ने पर जोर दिया है, इसके लिए एक विशेष मॉनिटरिंग दल गठित किया गया है, जो परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं की निगरानी करेगा। इसके साथ ही, जिला शिक्षा अधिकारियों को कम से कम दो से तीन परीक्षा केन्द्रों का स्वयं अवलोकन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कार्यशाला 21 को

**अनूपपुर।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के संबंध में अनूपपुर विकासखंड़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम पंचायत भवन में 21 मार्च को दोपहर 1 बजे से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पूर्व में यह कार्यशाला 15 मार्च को निर्धारित थी, किंतु 14 मार्च को होली/धुरेड़ी के त्यौहार का अवकाश होने से आयोजन की तैयारियों में कठिनाई व आयोजन में प्रतिभागियों तथा उपभोक्ताओं की सहज उपलब्धता की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए कार्यशाला का आयोजन 15 मार्च के स्थान पर 21 मार्च निर्धारित किया गया है।

# एमएमयू से दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

नगरीय प्रशासन व विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। यह सेवा प्रतिदिन सुबह 8 से शाम 3 बजे तक 2 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों के द्वार तक पहुंच रही है।

छग सरकार की पहल पर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल सरकार के द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस नगर के गेल्हापानी में मोबाइल मेडिकल यूनिट से डोर टू डोर सफाई कार्य में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण कैंप के माध्यम से किया गया। इसमें 25 स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य की जांच की गई। इसमें थायराइड टेस्ट, कैल्शियम टेस्ट, सीबीसी टेस्ट, हीमोग्लोबिन, शुगर, विटामिन डी 03 एवं बी 12 तथा ब्लड टेस्ट कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। इस संबंध में नगर निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला ने बताया कि नगर निगम में कार्यरत स्वच्छता कर्मचारियों व स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य के परीक्षण की जांच समय-समय पर की जाती है और मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण भी समय-समय की जाती है।

आयुक्त आचला ने बताया कि प्रतिदिन मोबाइल मेडिकल यूनिट की वाहन अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा का वितरण भी किया जाता है।

जिले में आठवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

# पहले दिन बच्चों ने हल किए गणित के सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिले के विद्यालयों में परीक्षाओं का दौर शुरू गया है। इस वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा पॉचवीं व आठवीं की भी परीक्षा बोर्ड की तर्ज पर केन्द्रीयकृत रूप से ली जा रही है। पॉचवीं की परीक्षा 17 मार्च से शुरू हो गई। वहीं इसके दूसरे दिन 18 मार्च से आठवीं की परीक्षा गणित विषय के साथ शुरू हुई।

परीक्षार्थी समय पर अपने-अपने परीक्षा केन्द्र पहुंच गए, जहां निर्धारित समय पर परीक्षा प्रारंभ हुआ। आयोजित परीक्षा में नकल रोकने के लिए निरीक्षण दल भी बनाए गए, जो विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में जाकर निरीक्षण किए, लेकिन आठवीं परीक्षा के पहले दिन भी किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल के कोई प्रकरण सामने नहीं आए। पॉचवीं-ऑठवीं परीक्षा के लिए सभी विद्यालयों को केन्द्र बनाया गया है, इसके चलते किसी भी परीक्षार्थी को किसी प्रकार की कोई परेशानी आवागमन में नहीं हो रही है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में आठवीं में कुल 4236 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जबकि पॉचवीं में 4207 परीक्षार्थी पंजीकृत है। उक्त दोनों कक्षाओं के परीक्षा के लिए जारी समय-सारणी के अनुसार पर्याप्त अंतराल दिया गया है,जिससे कि बच्चों को तैयारी के लिए अवसर मिल रहा है। वहीं आठवीं परीक्षा के पहले दिन विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण भी किया गया, लेकिन किसी भी परीक्षा केन्द्र में कोई नकल के प्रकरण सामने नहीं आए। हालांकि उक्त परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों में नकल होने से इंकार भी नहीं किया जा सकता।, जबकि प्राथमिक पर पहली से चौथी एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर छठवीं-सातवीं की परीक्षा अभी शुरू नहीं हुई है। इस संबंध में अब तक शिक्षा विभाग द्वारा कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं हुआ है।



### स्थानीय स्तर की परीक्षाएं भी शुरू

वर्षो बाद बोर्ड की तर्ज पर पॉचवीं-ऑठवीं की परीक्षा शुरू हुई,इसके पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं भी संचालित हो रही है, जो अंतिम चरण में है। इसके साथ ही अब 9 वीं एवं 11 वीं की परीक्षाएं भी कई स्कूलों में शुरू हो गई है।

## खबर संक्षेप

### अमलभिट्ठी में रासेयो का सात दिवसीय शिविर कल से

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 50 स्वयं सेवकों द्वारा 20 से 26 मार्च तक सरगुजा के ग्राम पंचायत अमलभिट्ठी में सात दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जाना है। शिविर में विभिन्न प्रकार की सामाजिक गतिविधियों (स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच शिविर, इत्यादि जैसे सामाजिक कार्यो) का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य गांव में सामाजिक जागरूकता एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है।

### एसबीआई के स्केल 1 ऑफिसर पद पर प्रणव का चयन

**बिश्रामपुर।** सैनिक स्कूल अंबिकापुर से अध्ययनरत छात्र प्रणव सिंह का चयन भारतीय स्टेट बैंक में स्केल 1 ऑफिसर के पद पर हुआ है। एसबीआई द्वारा स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर स्केल 1 के पिछले दिनों लिए गए परीक्षा के बाद अब परिणाम घोषित हुए हैं, जिसमें प्रणव का चयन हुआ है। आरम्भ से ही मेघावी छात्र रहे प्रणव सिंह सैनिक स्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद बैंगलोर से बी टेक किया है। प्रणव की बहन प्रगति सिंह रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया है। प्रणव के पिता उमेश सिंह अंबिकापुर स्टेशन प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। प्रणव के खास उपलब्धि से परिजन व उनके परिचित हर्षित हैं।




### भाजपा मंडल परसा के कार्यकारिणी विस्तार को लेकर बैठक




**अम्बिकापुर।** संकल्प भवन में भाजपा के नवगठित परसा मण्डल के लिए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी विस्तार संबंधी बैठक रायशुमारी की गई। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नवगठित परसा मण्डल के सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मण्डल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गांधीनगर में शुरू हुआ क्रिकेट का समर कैंप



**अम्बिकापुर।** स्कूली बच्चों की परीक्षाएं समाप्त होते ही शहर में बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों को लेकर समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पेंटिंग, म्यूजिक, खेलकूद से जुड़ी कई गतिविधियां शुरू हो गई है। ऐसे में गांधीनगर में डब्लूआरडी द्वारा क्रिकेट समर कैंप का आयोजन किया गया है। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे इस समर कैंप में शामिल हो रहे हैं। स्पोर्ट शिक्षकों ने बताया कि इस समर कैंप में प्रतिभावान, योग्य खिलाड़ियों का चयन कर स्कूल, राज्य फिर राष्ट्रीय स्तर के खेल स्पर्धाओं के लिए तैयार किया जाता है। ऐसे कैंप के माध्यम से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी बाहर निकलकर आ भी रहे है। कई खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में खेलकर शहर का नाम रौशन कर रहे हैं।

### हरिचांद का 214वां जन्म महोत्सव पर वारुणी महामेला 26 को

**बिश्रामपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री किरनचांद भजनाश्रम अजबनगर में श्री श्री हरिचांद ठाकुर का 214वां जन्म महोत्सव पर वारुणी महामेला का आयोजन 26 मार्च से किया जाना है।गौरतलब है कि ग्राम अजबनगर में छत्तीसगढ़ मतुआ महासंघ के नेतृत्व में श्री श्री हरिचांद ठाकुर का 214 वां जन्म महोत्सव पर वारुणी महामेला का आयोजन 26 मार्च से किया जाएगा।इसमें 26 मार्च को कलश यात्रा व अधिवास,27 मार्च को गंगा स्नान व निशान दल आगमन,28 व 29 मार्च को प्रातः 9 बजे से श्री हरि भजन कीर्तन एवं 30 मार्च को धार्मिक प्रवचन व शांति सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम 7 बजे से 10 बजे तक संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा।

### भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन 10 अप्रैल तक

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है जो भारतीय सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वीं कक्षा उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च से 10 अप्रैल तक खुली रहेगी। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 के बाद होने की संभावना है।

पार्षदों ने ही लगाया अनदेखी और अपमानित करने का आरोप

# विवादों में फंसा नगर पंचायत में पीआईसी सदस्यों के गठन का मामला, नियम में 5, कर दिए 9 घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत लखनपुर में पीआईसी सदस्यों की नियुक्ति का मामला विवादों में घिर गया है। नपं के पार्षदों ने ही नियम विरुद्ध तरीके से 5 की जगह 9 पीआईसी सदस्यों की नियुक्ति करने का आरोप मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर लगाया है। इतना ही नहीं पीआईसी की बैठक में अपमानित करने का आरोप लगाकर पार्षद ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इस घटना के बाद नपं सरकार और अधिकारियों की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है।

**खास बात**

- पहली पीआईसी की बैठक का बहिष्कार

बता दें कि नगर पंचायत सरकार के गठन उपरान्त नगर पंचायत अध्यक्ष समेत कुल पांच पार्षदों को मिलाकर पीआईसी का गठन किया गया। उपाध्यक्ष का चुनाव के साथ ही 10 मार्च को पीआईसी का गठन अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू द्वारा किया गया जिसमें उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा सन्नी बंसल, पार्षद श्रीमती उर्मिला खलखो, दिनेश साहू, अमित बारी, श्रीमती शीनू खड़ियि को पीआईसी सदस्य बनाया गया था लेकिन जब 11 मार्च को पीआईसी की पहली बैठक को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पत्र जारी किया गया तो वह विवादों में आ गया। मुख्य नपा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में अध्यक्ष व पांच पीआईसी सदस्यों के साथ ही चार अन्य पार्षदों को भी पीआईसी सदस्य के रूप में शामिल कर दिया गया था। इस सूची में पार्षद निशांत गुप्ता, श्रीमती पूजन साहू, श्रीमती गायत्री सचिन अग्रवाल व राजेश सोनवानी शामिल है। पीआईसी की यह सूची जारी होने के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। पार्षदों ने आरोप लगाया है की मुख्य नपा अधिकारी द्वारा मनमाने पूर्ण तरीके से नियमों को ताक पर रखकर पीआईसी सदस्य बनाकर बैठक हेतु आमंत्रित किया गया था। इस मनमानी पूर्वक रवैया से आमंत्रित पीआईसी सदस्य खुद को अपमानित महसूस कर रहे थे। उन्होंने नियम विरुद्ध काम करने का आरोप मुख्य नपा अधिकारी विद्या सागर चौधरी पर लगाया है। नियम के तहत धारा 70 के तहत नगर पंचायत उपाध्यक्ष महिला वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति पार्षद मिलाकर कुल 5 पीआईसी सदस्यों का गठन किया जाता है जो नगर पंचायत अध्यक्ष के इच्छा पर्यन्त तक सदस्य बने रहते हैं। कहीं ना कहीं नगर पंचायत कार्यालय लखनपुर शासन के नियमों से नहीं बल्कि नगर अध्यक्ष के कहने से संचालन होता नजर आ रहा है।




**पार्षद ने किया बहिष्कार**

नगर पंचायत की पहली पीआईसी बैठक का मुद्दा अब गर्माता जा रहा है। जबरन पीआईसी सूची में शामिल की गई वार्ड क्रमांक 9 से पार्षद पूनम राकेश साहू ने आरोप लगाया है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से नियमों को ताक पर रखकर नगर पंचायत लखनपुर में पीआईसी के 9 सदस्य बनाया गया है जबकि धारा 70 के तहत 5 सदस्यों का ही गठन किया जाता है। उन्होंने कहा कि पीआईसी में जिन चार अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है वे कहीं ना कहीं खुद को अपमानित महसूश कर रहे है। यही वजह है कि पार्षद ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था। हैरानी की बात तो यह है कि इस पूरे मामले में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा गोल मोल जवाब देकर लोगों को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है जिससे पार्षदों में आक्रोश का माहौल है।



**नपं अध्यक्ष द्वारा किया गया गठन**

नगर पालिका नियम 1961 की धारा 70 के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा पीआईसी सदस्यों का गठन किया जाता है। पीआईसी के 9 सदस्यों को प्रथम बैठक में आमंत्रित किया गया था। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू के कहने पर पीआईसी के 9 सदस्यों को पत्र जारी कर प्रथम बैठक हेतु आमंत्रित किया गया था। पार्षदों ने जो भी आरोप लगाए है वे निराधार है।

-विद्यासागर चौधरी
मुख्य नगर पालिका अधिकारी



## झेराडीह में 35 किसानों को मिला मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आदिवासी उप परियोजना के तहत अधिष्ठाता डॉ.एसके सिन्हा की अध्यक्षता में ग्राम झेराडीह के किसानों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ.पीके भगत ने किसानों को मधुमक्खी पालन की संभावनाओं, मधुमक्खी पालन के उपकरणों आदि की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन कर किसान अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं। मधुमक्खी पालन से फसलों के उत्पादन में भी वृद्धि होती है। अधिष्ठाता डॉ.सिन्हा ने किसानों को मधुमक्खी के परागण से फसलों की गुणवत्ता अच्छी होने के साथ ही फसलों के उत्पादन में वृद्धि होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन को किसान रोजगार का साधन बना सकते है। डॉ.जेपी पैकरा ने किसानों को मधुमक्खियों को होने वाले रोग, उनके प्राकृतिक शत्रु की पहचान तथा उनके नियंत्रण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मधुमक्खी पालन के दौरान मौसमी प्रबंधन एवं मधुमक्खी परिवार के विभाजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वैभव जायसवाल ने किसानों को मधुमक्खी वाटिका का भ्रमण कराया तथा मधुमक्खी की विभिन्न प्रजातियों, इनकी पहचान करने की जानकारी दी। डॉ.स्नेहा तिवारी ने मधुमक्खी पालन के लिए स्थल चयन करने डॉ.सचिन कुमार जायसवाल ने वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन की विधि, तथा सालभर फूलों वाली फसलों की खेती करने की सलाह दी। इस दौरान अधिष्ठाता डॉ.सिन्हा ने 35 किसानों को मधुमक्खी पेटी, नकाब, दस्ताना, बकछुट थैली एवं लीची के पौधे प्रदान किया।

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**
**नोटिस**

क्रमांक 1791/वाचक/स/रा.मं./2025 बिलासपुर, दिनांक 12/03/2025
पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक आर.एन./16/आर/अ-6/265/2018
पेशी दिनांक 02.04.2025

दिलीप रेलवानी वगैरह -आवेदकगण
**विरूद्ध**
शांति देवी वगैरह -अनावेदकगण

प्रति,
(1) विकास कुमार सिंह आ. स्वा. पारसनाथ सिंह
(2) विवेक कुमार सिंह आ. स्व. पारसनाथ सिंह
(3) विपुल कुमार सिंह आ. स्व० पारसनाथ सिंह
क्र. 01 से 03 निवासी ग्राम चोपडापारा, अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
(4) राजवर्धन सिंह आ. नरनारायण सिंह
(1) ना.बा. कौस्तुब सिंह आ. राजवर्धन सिंह
(2) ना.बा. सौ मित्र सिंह आ. राजवर्धन सिंह
निवासी-देवीगंज वार्ड अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
(5) श्रीमती विमला सिंह पत्नी डॉ. राम सिंह निवासी 4-ओम हाऊसिंग सोसायटी, द्वारिका नई दिल्ली (भारत)

पुनरीक्षणकर्ता दिलीप रेलवानी आ. कन्हैया लाल रेलवानी वगैरह निवासी जोड़ा पीपल, सिंधी कालोनी, महाराजा गली, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय आयुक्त, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर के रा.प्र.क्र. 131/अ-6/2014-15 में पारित आदेश दिनांक 16/07/2018 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 50 के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की है। जिसकी सुनवाई दिनांक 02/04/2025 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी तारीख 02/04/2025 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें।

दिनांक :-12/03/2025
(माननीय सदस्य महोदय द्वारा आदेशित)

**प्र.अधीक्षक**
राजस्व मण्डल छत्तीसगढ
बिलासपुर

# भाजपा के होली मिलन समारोह में कलाकारों ने दी गीतों की प्रस्तुति, सुनाई व्यंग्य कविताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




भाजपा द्वारा राजमोहिनी देवी भवन प्रांगण में आयोजित होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच स्नेह व एकता का अनोखा संगम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में गायक संजय सुरीला और गोपाल पाण्डेय ने गीत, संगीत की मधुर प्रस्तुति दी। इसके पश्चात बरसाने की फूलों की होली ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। काव्य पाठ में विनोद हर्ष जटिल एवं संतोष दास सरल ने अपनी हास्य, व्यंग्य और सामाजिक संदेश की कविताएं सुनाई। दल के नेताओं को लक्षित कर बनाई गई छोटी-छोटी रचनाओं ने उपस्थित लोगों को हंसने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान महामुर्खाधिराज गोल्डी बिहाड़े, मुर्खाधिराज जन्मेजय मिश्रा तथा मुर्खाधिपति मधुसूदन शुक्ला चुने गए। तीनों का सब्जियों की माला से स्वागत पश्चात हास्यपूर्ण चित्रों को भेंट किया गया। कार्यक्रम में विष्णु कुशवाहा एवं उनकी टीम ने आई मसाने की होली की जीवंत प्रस्तुति दी। अंत में लोगों ने फाग व्यंजनों का आनंद उठाया। इस दौरान अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, महापौर मंजूषा भगत, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, वरिठ नेता अनिल सिंह मेजर, ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, आरएसएस विभाग प्रचारक हेमंत नाग, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, ननि सभापति हरमिंदर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी, अंबिकेश केशरी तथा जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार बंसल, फुलेश्वरी सिंह तथा अरूणा सिंह आदि उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन विनोद हर्ष एवं संतोष दास ने किया।

## नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सर्व यादव समाज के तत्वाधान में बड़सरा में जिला स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव, परमेश्वर यादव, राजेश यादव, संजय यादव, शिवबालक यादव के आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष श्री रामाशंकर यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव, राजेश यादव, परमेश्वर यादव, संधारी यादव, शिवकुमार यादव, रमेश यादव को सम्मानित किया गया। देवनारायण यादव ने समाज को संगठित करने का संदेश दिया तथा सुख-दुख में समाज के लोगों को यथा संभव सहयोग देने की बात कही। इस दौरान सर्वसम्मति से चैत्र नवरात्र में यादव धर्मशाला कुदरगढ़ में नौ दिनों तक प्याऊ एवं भण्डारे के साथ पंचमी तिथि को देवी का सामूहिक दर्शन का निर्णय लिया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया तथा अंत में फाग गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान संजय यादव, शिवबालक यादव, राजाराम यादव, पारस राम यादव, अंगद यादव रामप्रताप यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



## ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी कार को ट्रक ने मारा टक्कर

**अंबिकापुर।** भगवानपुर निवासी सुभाष गुप्ता 17 मार्च की दोपहर 3 बजे अपने क्रेटा कार क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 1993 को बिलासपुर चौक सिग्नल के समीप खड़ी किया था। इस दौरान बगल से गुजर रहे ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीटी 4650 के चालक ने साइड से टक्कर मारते हुए कार को बुरी तरह से क्षति ग्रस्त कर दिया। इस दौरान कार सवार युवक किसी तरह बाहर निकला। मामले में युवक की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
MRM HOSPITAL Caring for You | TEJ Tej Diagnostic Group
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (I) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata) Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
◆ जटिल अस्थमा (दमा)
◆ टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
◆ गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
◆ बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
◆ छाती में भारीपन और सांस फूलना
◆ छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
◆ छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
◆ खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
◆ बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
◆ खांसी में खून आना

सरगुजा मार्केट

डॉ. शैल वर्मा
(एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025
दिन - बुधवार
स्थान
वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिलिक होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स मेडिकल स्टोर
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक –16 मार्च, 2025
दिन – रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, पी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

Wellness Home
AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता
BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist
Certified Accupanturist and Dry Needling Therapist
Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनूवल थेरेपी
न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, मॉसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द),सरवाईकल का दर्द
समय
सुबह 10 से 1 बजे तक
शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
• पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
• पेशाब में जलन।
• गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• पेशाब बार-बार होना।
• पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
• किडनी, पेशाब थैली।
• अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

18 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/18/2025 9:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कल

**बलरामपुर।** अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम 1955 के प्रावधानों के अनुसार जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति बलरामपुर-रामानुजगंज की बैठक 20 मार्च को दोपहर 2 बजे कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन महापरीक्षा 23 को

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन, राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन 23 मार्च को किया जा रहा है। यह परीक्षा रविवार प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे संचालित होगी। परीक्षा हेतु जिले में कुल 531 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जहां 28,100 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों का उन्मुखीकरण किया गया है। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने परीक्षा आयोजन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा से वंचित शिक्षार्थियों को मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए मॉनिटरिंग दल गठित कर परीक्षा की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, परीक्षा के दिन अधिकारी स्वयं दो-तीन परीक्षा केंद्रों का अवलोकन कर परीक्षा संचालन की समीक्षा करेंगे। कलेक्टर ने राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप में सरगुजा के तीन खिलाड़ियों का चयन

**अम्बिकापुर।** भारतीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप गोवा में 16 मार्च से 24 मार्च के बीच होगी। राज्य बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा सरगुजा संभाग से राजेश कुमार गुप्ता, आनंदधर दीवान तथा पवनीत गिल का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रतियोगिता के लिए सरगुजा संभाग के चयनित वरिष्ठ खिलाड़ियों को दस्तावेज लेखक संघ, होटल एसोसिएशन संघ तथा बैडमिंटन खेल प्रेमियों ने स्वागत किया और विजयी होने की शुभकामनाएं दी। वर्ष 2004 से राजेश गुप्ता नेशनल प्रतियोगिताओं में लगातार भाग लेते रहे है।

### सरगुजा में पहली बार होगा महिला सशक्तिकरण रैंप वॉक



**अंबिकापुर।** शहर की टचवुड वीमेन एम्पावरमेंट ऑर्गनाइजेशन व छत्तीसगढ़ महिला संगठन द्वारा सरगुजा में पहली बार फैशन से हटकर महिला सशक्तिकरण रैम्प वॉक का आयोजन किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण रैंप वॉक 28 मार्च को राजमोहिनी देवी भवन में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम न सिर्फ महिलाओं को जागरूक करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा बल्कि इसमें वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने की भी पूरी संभावना है। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े,, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत शामिल होंगी। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को 1 हजार रुपए का पुरस्कार व दर्शकों को फ्री एंट्री के साथ ही 250 रुपए तक का गिफ्ट दिया जाएगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मणिपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लखनपुर अंतर्गत ग्राम सिंगीटाना निवासी 19 वर्षीय संदीप कुमार आ. लालेश्वर टोप्पो को अज्ञात ट्रैक्टर के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दिया गया था। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 17 मार्च को उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में अस्पताल प्रबन्धन की सूचना के बाद पुलिस द्वारा मर्ग जांच उपरान्त अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर लिया अपने कब्जे में, मचा हड़कंप, अंजुमन कमेटी ने जताई आपत्ति

# सद्भावना ग्राम तकिया के मजार और मंदिर पर कब्जे को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पुलिस ने समझाइश देकर शांत कराया मामला, दिए जमीन के दस्तावेज पेश करने के निर्देश

शहर के सद्भावना ग्राम तकिया मजार के संचालन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वर्षों से अंजुमन इस्लाहुल मिस्लेमिन कमेटी के अधीन संचालित मजार और मस्जिद को ग्राम पंचायत ने अपने कब्जे में ले लिया है। इस दौरान मजार परिसर में ताला लगा दिया गया जिसके बाद गहमागहमी की स्थिति निर्मित हो गई। ग्राम पंचायत का कहना है कि मजार और मंदिर ग्राम पंचायत की जमीन पर है जबकि अंजुमन कमेटी का कहना है कि इसका संचालन 70 वर्षों से भी अधिक समय से कमेटी द्वारा ही किया जा रहा है और मजार व मन्दिर वक्फ की जमीन पर मौजूद है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले को शांत कराने के साथ ही दोनों पक्षों को अपने अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

बता दें कि नगर के सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुरादशाह, हजरत बाबा मोहब्बत शाह का मजार मौजूद है इसके साथ ही परिसर में एक मंदिर भी मौजूद है। कौमी एकता की मिसाल तकिया मजार में मुस्लिम समाज के लोग चादर चढाते है जबकि हिन्दू समाज के लोगों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। प्रतिवर्ष तकिया में सालाना उर्स का आयोजन भी किया जाता है जिसमें लाखों की संख्या में लोग शामिल होते है। तकिया मजार की देख रेख और इसका संचालन अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी द्वारा वर्षों से किया जा रहा है लेकिन अब ग्राम पंचायत रनपुरखुर्द ने इसे अपने कब्जे में लेने का ऐलान कर दिया है। ग्राम पंचायत रनपुरखुर्द में रहने वाले लोगों ने अब मंदिर और मजार को अपने अधीन संचालित करने का निर्णय लिया है और इस सम्बन्ध में मंगलवार को एक ग्राम सभा बुलाई गई। ग्राम सभा में सरपंच रनपुरखुर्द नीलू पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष अम्बिकापुर सतीश यादव द्वारा प्रस्ताव पारित कर तकिया मजार को अपने हैण्डओवर में ले लिया गया। इस बात की जानकारी जब अंजुमन कमेटी को मिली तो बड़ी संख्या में कमेटी के सदस्य भी तकिया मजार पहुंचे जिसके बाद तकिया मजार में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामले को शांत कराया गया और सभी को कोतवाली थाने में अपनी बात रखने का मौका दिया गया।



समझाइश देते पुलिस अधिकारी।

**जमीन को लेकर फंसा पेंच**

कोतवाली थाना में प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने दोनों पक्षों की बात सुनी। इस दौरान ग्राम पंचायत का कहना है कि मजार और मंदिर ग्राम पंचायत की जमीन पर मौजूद है और यहां जितने भी निर्माण और विकास कार्य हुए है वे सभी ग्राम पंचायत के मद से किए जाते है लेकिन अंजुमन कमेटी ने इसपर अपना हक जमाया है। चंदे और चढ़ावे की राशि को भी अंजुमन कमेटी रखती है और इसका कोई हिसाब नहीं दिया जाता। ग्रामीणों और ग्राम पंचायत का कहना है कि अब वे इसका संचालन करेंगे और जो भी चन्दा और चढ़ावा आएगा वो उनके पास रहेगा और ग्राम पंचायत में जमा होगा। इधर अंजुमन कमेटी का कहना है कि मजार और मंदिर का संचालन 70 वर्षों से भी अधिक समय से अंजुमन कमेटी करती आ रही है। जमीन वक्फ के नाम पर है और ग्राम पंचायत जबरन इसपर अपना कब्जा जमाना चाह रहा है।

**हमने लिया है अपने अधीन**

तकिया में मजार और मंदिर मौजूद है। पूर्व में अंजुमन कमेटी द्वारा संचालित किया जा रहा था लेकिन आज से इसे हमने अपने अधीन ले लिया है। मजार और मंदिर का संचालन ग्राम पंचायत व स्थानीय लोगों द्वारा मिलकर किया जाएगा। सभी निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा कराया जाता है। इसलिए हमारी मांग है कि हम ही इसका संचालन करें।

-सतीश यादव
जनपद उपाध्यक्ष अंबिकापुर

**नहीं दिया जाता है हिसाब**

ग्राम पंचायत द्वारा ही तकिया मजार और मंदिर में सभी निर्माण कार्यों का खर्च वहन किया जाता है और इसका संचालन अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी द्वारा संचालन किया जाता है। अंजुमन कमेटी द्वारा आवक जावक नहीं दिया जा रहा है। सभी ने निर्णय लिया है कि सम्पूर्ण देख देख ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा और जो बचत होगा वो ग्राम पंचायत को जाएगा।

-रमजान अंसारी
सदर आदर्श सद्भावना ग्राम तकिया

**वर्षों से अंजुमन के अधीन**

तकिया मजार का संचालन अंजुमन कमेटी द्वारा वर्षों से संचालित किया जा रहा है। कमेटी के पास इसका कागजात भी हैं। अब ग्राम पंचायत इस पर हक जमाना चाहती है।

-अफजाल
सचिव अंजुमन कमेटी

## खबर प्रकाशन के बाद जागे अधिकारी, डेढ़ साल से बंद ट्यूबवेल को 5 घंटे में किया दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



**खबर का असर**

नगर से सटे ग्राम पंचायत खजुरी में भीषण जल संकट के संबंध में खबर प्रकाशन के बाद मंगलवार को क्रेडा के अधिकारियों की नींद टूटी। कलेक्टर की फटकार के बाद पहुंचे विभाग के कर्मचारियों ने पिछले डेढ़ साल से बंद सोलर पंप को 5 घंटे में दुरूस्त कर पानी की आपूर्ति शुरू की।

जनजाति बहुल ग्राम खजुरी के लोग गर्मी में भीषण जल संकट से जूझ रहे थे। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने क्रेडा द्वारा गांव में सोलर ट्यूबवेल खनन कराने के साथ ही टंकी लगाया गया है लेकिन पिछले डेढ़ साल से सोलर पंप के खराब होने के कारण गर्मी में ग्रामीण भीषण जल संकट से जूझ रहे थे। ग्रामीण नदी, ढोढ़ी एवं कुंए का गंदा पानी पीने मजबूर थे। ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अनेकों बार समस्या से अवगत कराया लेकिन किसी ने भी बंद पड़े सोलर पंप को सुधार कराने की पहल नहीं की। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए हरिभूमि ने 18 मार्च के अंक में सोलर पंप डेढ़ साल से खराब, पानी को तरस रहे ग्रामीण शीर्षक से प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। खबर पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्द्धन ने क्रेडा के जिलाधिकारी को जमकर फटकार लगाई तथा तत्काल सोलर पंप को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। जनपद सीईओ राधेश्याम ने क्रेडा को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराने के साथ ही क्रेडा के जिला अधिकारी से फोन कर चर्चा कर ग्राम खजुरी के खराब सोलर पंप एवं अन्य गांवों के बंद पंप को दुरुस्त कराने की बात कही थी। कलेक्टर की फटकार के बाद क्रेडा के तकनीशियन उपकरण लेकर ग्राम खजुरी पहुंचे एवं 5 घंटे की कड़ी मशक्कत कर खराब सोलर पंप को चालू किया। सोलर पंप से पर्याप्त पानी उपलब्ध होने के कारण अब ग्रामीणों की समस्या हल हो गई है। ग्रामीणों को अब पानी की समस्या नहीं होगी। मंगलवार को जनपद सीईओ श्री मीरझा ग्राम खजुरी पहुंचे एवं ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ली। सोलर पंप से पानी निकलने पर ग्रामीणों ने खुशियां व्यक्त की।

## सरगुजा सांसद ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अम्बिकापुर में बेहतर रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु सौंपा पत्र



नागरिकों को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख रेल संबंधी मांगों को लेकर पत्र दिया है। सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि जनजातीय क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अम्बिकापुर-रेनुकोट मार्ग सर्वाधिक उपयुक्त है, जिसके पर्याप्त तार्किक, व्यवहारिक एवं आर्थिक आधार हैं, इस मार्ग से सरगुजा संभाग के लोग कम दूरी व समय में सीधे बनारस व दिल्ली से जुड़ पाएंगे और अनेक जनजातीय कलाकृतियां, वनोपज एवं स्थानीय उत्पादों को एक बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकेगा।

इस देश के आराध्य भगवान श्रीराम जी की जन्मभूमि अयोध्या, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, जगन्नाथपुरी से जुड़कर एक विशालतर धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन के अवसर का सृजन करेंगे, जिससे धर्म परायण जनता को सुविधा मिलेगी। पूरी को प्रयागराज से जोड़ने की उड़ीसा सरकार की मांग (झारसुगड़ा-अम्बिकापुर-प्रयागराज) बहुत पुरानी व समीचीन है। सरगुजा अंचल कोयला उत्पादन के लिए जाना जाता है, साथ ही पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश का सिंगरौली क्षेत्र भी कोयला उत्पादक क्षेत्र है। आपस में जुड़ जाने पर यह कोयला परिवहन के लिए स्वर्णिम अवसर उपलब्ध कराएगा जो आर्थिक दृष्टि से अत्यधिक लाभप्रद एवं व्यवहारिक है,इस क्षेत्र से प्रस्तावित सभी मार्गो में सर्वाधिक है। यह प्रस्तावित मार्ग अन्य वैकल्पिक मार्गो की तुलना में लघुतर, कम लागत वाला और अपेक्षाकृत अधिक उपयोगी होगा। वहीं सांसद चिंतामणि महराज द्वारा सरगुजा क्षेत्र में रेल यातायात के विस्तार एवं यात्रा सुविधा की सुगमता हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रमुख मांगों में अंबिकापुर-दिल्ली एक्सप्रेस (22407/22408) के परिचालन को सप्ताह में दो बार करने, विश्रामपुर में ठहराव, पैंट्री कार की व्यवस्था, और स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाने की मांग शामिल है। इसके अतिरिक्त, शहडोल-नागपुर (11201/11202) ट्रेन को अंबिकापुर से नागपुर तक विस्तारित करने का भी प्रस्ताव दिया गया। रेलवे स्टेशनों के विकास को लेकर सूरजपुर और विश्रामपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने और उन्हें शेड से कवर करने की आवश्यकता जताई गई। अनूपपुर-अंबिकापुर मेमू ट्रेन को पूर्व निर्धारित समयानुसार पुनः संचालित करने और अंबिकापुर से बिलासपुर-रायपुर के लिए सुबह इंटरसिटी एक्सप्रेस चलाने की मांग की गई। सांसद ने कहा कि सरगुजा क्षेत्र के नागरिकों को सुगम और सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि रेलवे बोर्ड जल्द ही इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्रवासियों को सुगम रेल सेवा की सुविधा प्रदान करेगा।

### नाबालिग बालक से अप्राकृतिक कृत्य

## आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

- अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट ने सुनाई सजा

**अंबिकापुर।** नाबालिग छात्र से अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय में सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है जबकि इसके इस मामले में एक आरोपी को लगभग ढाई तीन वर्ष ही सजा पड़ चुकी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने आरोपी सुनवाई के बाद आरोपी अशोक चौधरी को दोषी मानते हुए सजा दी है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना कमलेश्वरपुर अंतर्गत कक्षा दसवीं के छात्र को स्कूल के चपरासी संजय नामदेव ने दोस्ती कर ली और फिर नर्मदापुर वार्ड क्रमांक 8 माझापारा निवासी 38 वर्षीय अशोक चौधरी आ. शिवधारी राम चौधरी के साथ मिलकर उसके साथ जबरन अप्राकृतिक कृत्य को अंजाम दिया। आरोपियों ने वर्ष 2015 में संजय नामदेव के किराए के कमरे में जबरन अप्राकृतिक रूप से दुष्कर्म किया गया। इस दौरान जब छात्र ने इसा विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके साथ ही अगले दिन आरोपी संजय और अशोक चौधरी ने उसे धमकी दी कि उन्होंने घटना का वीडियो बना लिया है और अब अगर वह 45 हजार रूपए लाकर देगा तो ही वे वीडियो उसे देंगे। इस घटना के बाद छात्र बुरी तरह से डर गया। इस दौरान आरोपी लगातार उसके साथ कई महीनों तक अलग अलग सुनसान इलाकों में लेजाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म करते रहे। लम्बे समय तक प्रताड़ति होने के बाद नाबालिग बालक ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी जिसके बाद 29 अक्तूबर 2015 को परिजन के साथ नाबालिग बालक ने घटना की शिकायत कमलेश्वरपुर थाना में की थी। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी संजय नामदेव और अशोक चौधरी को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में संजय नामदेव को पूर्व में कोर्ट से सजा सुनाई जा चुकी है जबकि मंगलवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने 15 वर्ष के अनुसूचित जनजाति के बालक से अप्राकृतिक कृत्य के लिए दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी अशोक चौधरी को भादवि की धारा 377, 386, 506(2), 342 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा-3 (क)/4, 5 (छ) (ठ)/6 एवं धारा 3(2-5) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत अलग अलग धाराओं में अधिकतम 20 वर्ष के वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है इसके साथ ही अर्थदंड लगाया है। वहीं कोर्ट ने क्षतिपूर्ति योजना के तहत 5 लाख रूपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का भी आदेश दिया है। कोर्ट में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विद्याभूषण श्रीवास्तव ने पैरवी की।

## नपं बिश्रामपुर की अध्यक्ष ने किया प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पांच पार्षदों को किया गया कॉउन्सिल में शामिल
- दिपेन्द्र को राजस्व व रामजीत यादव को चिकित्सा विभाग का सौंपा गया प्रभार



नगर पंचायत बिश्रामपुर की अध्यक्ष निर्मला यादव ने मंगलवार को प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन कर दिया है। पीआईसी में 5 पार्षदों को जगह दी गई है, जिसमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा टीम में वरिष्ठ पार्षदों के अलावा पहली बार चुनाव जीतकर पार्षद बने लोगों को शामिल किया गया है। प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 के तहत निहित प्रावधान और प्रदत शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नपं अध्यक्ष निर्मला यादव ने किया है।

निर्वाचित पार्षदों में से प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन करते हुए उन्हें संबंधित विभागों का प्रभारी सदस्य नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव ने कहा कि सभी वर्गों को ध्यान में रखकर 5 सदस्यीय पार्षदों को प्रेसिडेंट इन काउंसिल में शामिल किया गया है। नवगठित प्रेसिडेंट इन काउंसिल में नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान को राजस्व व बाजार विभाग, पार्षद माधुरी मंडल को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण व जल कर विभाग, विनोद सरवते को पुनर्वास नियोजन विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग, रामजीत यादव को खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य व चिकित्सा विभाग,अर्चना लकड़ा को शिक्षा, महिला व बाल विकास कल्याण विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है।वहीं दूसरी ओर पांच बार के पार्षद रविशंकर बउवा ने पीआईसी में स्थान नहीं मिलने पर अपनी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि केवल एक पार्षद को छोड़कर शेष सभी चार पार्षद नए हैं, जिन्हें पीआईसी में स्थान दिया गया है, यह पूरी तरह अनुचित है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## किसान पंजीयन और डिजिटल फसल सर्वे शीघ्र करें पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश



कलेक्टर एस. जयवर्धन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली एवं विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसान पंजीयन और डिजिटल फसल सर्वे रबी 2025 के कार्यों की समीक्षा की। पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण हो इसके लिए कार्य योजना अनुरूप युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने कहा कि एग्री स्टेक योजना से किसानों के लिए एक संपूर्ण डेटाबेस बनाना है, जिसमें उनकी पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, ऋण, फसल की जानकारी और बीमा के बारे में जानकारी शामिल है। इसलिए पंजीयन कार्य को प्राथमिकता देते हुए मूर्त रूप देना अधिकारी सुनिश्चित करे। इसके साथ ही उन्होंने कृषि, खाद्य व उसके संबंध विभाग, राजस्व विभाग तथा सीएससी (लोक सेवा केन्द्र) के साथ शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास को लेकर वृहद चर्चा की गई।

कलेक्टर द्वारा सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि स्वीकृति हेतु लंबित सभी प्रकरण अगले सप्ताह तक पूर्ण कर लें। जिले में आवास पूर्णता में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। फील्ड विजिट एवं चौपाल लगाकर हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए प्रेरित करने की बात कलेक्टर द्वारा कही गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद पंचायत यह सुनिश्चित करेंगे कि ग्राम पंचायत का कोई भी ग्रामीण जो पात्र है और पूर्व की सूचियों में नाम नहीं है उनका नाम इस सर्वे में समयसीमा के भीतर जुड़ जाए। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने बताया कि सर्वे के लिए कोई भी शुल्क नहीं है, कोई राशि की मांग करे तो जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क कर सकते है। बैठक में कुदरगढ महोत्सव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई।

जिसमें पूर्व बैठकों में दिये गये दिशा निर्देश व कार्यवाही विवरण की प्रगति के संबंध में अद्यतन जानकारी मांगी गई। इसके साथ ही महोत्सव के सफल संचालन नियुक्त किये गये अधिकारियों से उनको सौंपे गये दायित्वों की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी ली गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, अपर कलेक्टर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport